# TOPPERSEXAM.COM

15-07-2026





# CURRENT AFFAIRS





## HIGHLIGHTS

- INTERNATIONAL NEWS
- NATIONAL AFFAIRS
- BANKING NEWS
- AWARDS NEWS
- DEFENCE NEWS
- SPORTS NEWS
- SCI-TECH NEWS

7891099005, 7891099006

## TODAY NEWS HIGHLIGHT

- उत्तर प्रदेश ने फसलों की सुरक्षा के लिए 'यूपी खेत सुरक्षा योजना 2026' शुरू की : सोलर फेंसिंग पर 60% तक सब्सिडी (scheme)
- विंबलडन 2026: जानिक सिनर ने लगातार दूसरा पुरुष एकल खिताब जीता, लिंडा नोस्कोवा बनीं नई महिला चैंपियन (sports)
- पश्चिम बंगाल सरकार ने 16 अगस्त को 'आयुष्मान दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की (state in news)
- कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी का निधन: आधुनिक कतर के निर्माता और वैश्विक ऊर्जा शक्ति के शिल्पकार (obituaries)
- गगनयान मिशन की दिशा में बड़ी सफलता: ISRO ने क्रू मॉड्यूल की तीन महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रणालियों का सफल परीक्षण किया (sci-tech)
- तीसरा 'नमस्ते दिवस' 14 जुलाई 2026 को मनाया जाएगा: सुरक्षित एवं यंत्रीकृत स्वच्छता व्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल (national)
- अहमदाबाद ने एक घंटे में 3.61 लाख पौधे लगाकर बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड, मियावाकी वनरोपण तकनीक को मिला वैश्विक सम्मान (national)
- विश्व युवा कौशल दिवस (15 जुलाई): युवाओं को कौशल आधारित शिक्षा एवं रोजगार से जोड़ने की वैश्विक पहल (imp. day)

## 1. उत्तर प्रदेश ने फसलों की सुरक्षा के लिए 'यूपी खेत सुरक्षा योजना 2026' शुरू की : सोलर फेंसिंग पर 60% तक सब्सिडी



उत्तर प्रदेश सरकार ने 'यूपी खेत सुरक्षा योजना 2026' शुरू की है, जिसके तहत फसलों को आवारा पशुओं, नीलगाय और जंगली सूअरों से बचाने के लिए सोलर फेंसिंग पर वित्तीय सहायता दी जाएगी। योजना में किसानों को स्थापना लागत पर 60% तक तथा विशेष श्रेणियों के किसानों को 70% तक सब्सिडी मिलेगी। यह पहल फसल क्षति कम करने, कृषि उत्पादकता बढ़ाने और सौर ऊर्जा आधारित कृषि अवसंरचना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। योजना का लाभ पात्र किसानों को डीबीटी के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।

## 2. विंबलडन 2026: जानिक सिनर ने लगातार दूसरा पुरुष एकल खिताब जीता, लिंडा नोस्कोवा बनीं नई महिला चैंपियन



विंबलडन 2026 का आयोजन लंदन के ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस एंड क्रोकेट क्लब में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पुरुष एकल में इटली के विश्व नंबर-1 जानिक सिनर ने लगातार दूसरी बार खिताब जीता, जबकि महिला एकल में चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा ने अपना पहला ग्रैंड स्लैम एकल खिताब अपने नाम किया। पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित युगल स्पर्धाओं में भी विभिन्न देशों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीते। 1877 से आयोजित विंबलडन विश्व का सबसे पुराना और घास के कोर्ट पर खेला जाने वाला सबसे प्रतिष्ठित ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट है।

## 3. पश्चिम बंगाल सरकार ने 16 अगस्त को 'आयुष्मान दिवस' के रूप मे मनाने की घोषणा की



पश्चिम बंगाल सरकार ने 16 अगस्त को 'आयुष्मान दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY) के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिविर, जागरूकता अभियान और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक पात्र परिवार योजना का लाभ उठा सकें। आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष ₹5 लाख तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा कवर उपलब्ध कराया जाता है। यह पहल राज्य में स्वास्थ्य सुरक्षा, सामाजिक कल्याण और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## 4. कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी का निधन: आधुनिक कतर के निर्माता और वैश्विक ऊर्जा शक्ति के शिल्पकार



कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी का 12 जुलाई 2026 को 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्हें आधुनिक कतर का निर्माता माना जाता है, जिन्होंने नॉर्थ फील्ड प्राकृतिक गैस भंडार के विकास के माध्यम से कतर को विश्व के प्रमुख LNG निर्यातकों और समृद्ध अर्थव्यवस्थाओं में शामिल किया। उनके नेतृत्व में कतर निवेश प्राधिकरण (QIA) और अल जज़ीरा जैसे संस्थानों ने वैश्विक स्तर पर कतर की पहचान मजबूत की। उनके कार्यकाल में कतर को 2022 फीफा विश्व कप की मेजबानी मिली, हालांकि इस दौरान मानवाधिकार और श्रमिकों से जुड़े मुद्दों पर अंतरराष्ट्रीय आलोचना भी हुई।


### 5. गगनयान मिशन की दिशा मे बड़ी सफलता: ISRO ने क्रू मॉड्यूल की तीन महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रणालियों का सफल परीक्षण किया

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने गगनयान मिशन के लिए 12 जुलाई 2026 को तीन महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रणालियों—CMUS, CSU-2 सेपरेशन मैकेनिज्म और एपेक्स कवर सेपरेशन सिस्टम—का सफल परीक्षण किया। ये प्रणालियाँ स्प्लैशडाउन के बाद क्रू मॉड्यूल की सुरक्षा, पुनः प्रवेश तथा पैराशूट के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करेंगी। गगनयान भारत का पहला स्वदेशी मानव अंतरिक्ष मिशन है, जिसका उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजकर सुरक्षित वापस लाना है। यह उपलब्धि भारत की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता और भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।



### 6. तीसरा 'नमस्ते दिवस' 14 जुलाई 2026 को मनाया जाएगा: सुरक्षित एवं यंत्रीकृत स्वच्छता व्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा मे महत्वपूर्ण पहल

14 जुलाई 2026 को भारत में तीसरा 'नमस्ते दिवस' मनाया जाएगा, जो राष्ट्रीय यंत्रीकृत स्वच्छता पारिस्थितिकी तंत्र (NAMASTE) योजना के तीन वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। इस दिवस का उद्देश्य स्वच्छता कर्मचारियों, सीवर एवं सेप्टिक टैंक कर्मियों तथा पूर्व मैनुअल स्कैवेंजर्स के योगदान का सम्मान करना और उनकी सुरक्षा, गरिमा एवं सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देना है। NAMASTE योजना मैनुअल स्कैवेंजिंग को समाप्त कर यंत्रीकृत एवं सुरक्षित स्वच्छता प्रणाली को प्रोत्साहित करती है। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिविर, सुरक्षा प्रशिक्षण, पीपीई जागरूकता कार्यक्रम और यंत्रीकृत स्वच्छता उपकरणों का प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।




### 7. अहमदाबाद ने एक घंटे मे 3.61 लाख पौधे लगाकर बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड, मियावाकी वनरोपण तकनीक को मिला वैश्विक सम्मान

12 जुलाई 2026 को अहमदाबाद नगर निगम (AMC) ने एक घंटे में 3.61 लाख पौधे लगाकर मियावाकी वृक्षारोपण अभियान के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया। इस अभियान में 25,000 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया और 35 स्वदेशी वृक्ष प्रजातियों का रोपण किया गया। मियावाकी पद्धति कम भूमि पर घने एवं तेजी से विकसित होने वाले प्राकृतिक वन तैयार करने की प्रभावी तकनीक है। यह पहल कार्बन अवशोषण, जैव विविधता संरक्षण, जलवायु परिवर्तन से निपटने और सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान देती है।



### 8. विश्व युवा कौशल दिवस (15 जुलाई): युवाओं को कौशल आधारित शिक्षा एवं रोजगार से जोड़ने की वैश्विक पहल

विश्व युवा कौशल दिवस प्रतिवर्ष 15 जुलाई को युवाओं में कौशल विकास, रोजगार, उद्यमिता और तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2014 में इसे घोषित किया और पहली बार 2015 में इसका आयोजन हुआ। भारत में कौशल भारत मिशन, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY), NSDC और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसी पहलें युवाओं को उद्योगोन्मुख कौशल प्रदान करने पर केंद्रित हैं। यह दिवस सतत विकास लक्ष्यों (SDG-4, SDG-8 और SDG-9) की प्राप्ति तथा समावेशी आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है।



**1. यूपी खेत सुरक्षा योजना 2026 का मुख्य उद्देश्य क्या है ?**

A - सिंचाई सुविधाओं का विस्तार
B - फसलों को आवारा पशुओं से बचाना
C - जैविक खेती को बढ़ावा देना
D - बीज उत्पादन बढ़ाना

उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों की फसलों को आवारा पशुओं, नीलगाय और जंगली सूअरों से बचाने के लिए यूपी खेत सुरक्षा योजना 2026 शुरू की है। इसके तहत सोलर फेसिंग की स्थापना पर किसानों को 60% तक तथा विशेष श्रेणियों के किसानों को 70% तक सब्सिडी दी जाएगी। योजना का उद्देश्य फसल सुरक्षा, कृषि उत्पादकता बढ़ाना तथा सौर ऊर्जा आधारित कृषि को बढ़ावा देना है।



**2. विंबलडन 2026 पुरुष एकल का खिताब किसने जीता ?**

A - कार्लोस अल्कारेज़
B - अलेक्जेंडर ज़्वेरेव
C - जानिक सिनर
D - नोवाक जोकोविच

विंबलडन 2026 का आयोजन लंदन मे सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इटली के विश्व नंबर-1 जानिक सिनर ने लगातार दूसरी बार पुरुष एकल खिताब जीता, जबकि चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा ने महिला एकल का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम किया। विंबलडन विश्व का सबसे पुराना एवं घास के कोर्ट पर खेला जाने वाला प्रतिष्ठित ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट है।



**3. पश्चिम बंगाल सरकार ने 16 अगस्त को किस दिवस के रूप मे मनाने की घोषणा की है ?**

A - स्वास्थ्य दिवस
B - आयुष्मान दिवस
C - किसान दिवस
D - युवा दिवस

पश्चिम बंगाल सरकार ने 16 अगस्त को 'आयुष्मान दिवस' के रूप मे मनाने की घोषणा की है, ताकि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY) के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाई जा सके। इस योजना के तहत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष ₹5 लाख तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाता है।



**4. शेख हमद बिन खलीफा अल थानी को किस रूप मे जाना जाता है ?**

A - आधुनिक सऊदी अरब के निर्माता
B - आधुनिक कतर के निर्माता
C - आधुनिक बहरीन के निर्माता
D - आधुनिक कुवैत के निर्माता

कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी का 74 वर्ष की आयु मे निधन हो गया। उन्हे आधुनिक कतर का निर्माता माना जाता है। उनके नेतृत्व मे कतर प्रमुख LNG निर्यातक, वैश्विक निवेश केद्रं बना तथा उसे 2022 फीफा विश्व कप की मेजबानी प्राप्त हुई।



**5. हाल ही मे ISRO ने किस मिशन के लिए तीन महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रणालियों का सफल परीक्षण किया ?**

A - चंद्रयान-4

B - आदित्य-L1

**C - गगनयान**

D - मंगलयान-2

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने 12 जुलाई 2026 को गगनयान मिशन के लिए तीन महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रणालियों—CMUS, CSU-2 Separation Mechanism और Apex Cover Separation System—का सफल परीक्षण किया। ये प्रणालियाँ मानव अंतरिक्ष मिशन मे चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**6. NAMASTE योजना का मुख्य उद्देश्य क्या है ?**


A - स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना

**B - मैनुअल स्कैवेजिंग समाप्त कर यंत्रीकृत स्वच्छता व्यवस्था को बढ़ावा देना**

C - ग्रामीण सड़कों का निर्माण

D - शहरी आवास उपलब्ध कराना

14 जुलाई 2026 को भारत मे तीसरा 'नमस्ते दिवस' मनाया जाएगा, जो NAMASTE योजना के तीन वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। योजना का उद्देश्य मैनुअल स्कैवेजिंग समाप्त करना, स्वच्छता कर्मचारियों का सम्मान करना तथा यंत्रीकृत एवं सुरक्षित स्वच्छता व्यवस्था को बढ़ावा देना है।




**7. एक घंटे मे 3.61 लाख पौधे लगाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड किस संस्था ने बनाया ?**

A - वन विभाग, महाराष्ट्र

B - भारतीय वन सर्वेक्षण

**C - अहमदाबाद नगर निगम (AMC)**

D - पर्यावरण मंत्रालय

12 जुलाई 2026 को अहमदाबाद नगर निगम (AMC) ने एक घंटे मे 3.61 लाख पौधे लगाकर मियावाकी वृक्षारोपण अभियान के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। यह पहल कार्बन अवशोषण, जैव विविधता संरक्षण, जलवायु परिवर्तन से निपटने तथा सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) को बढ़ावा देने की दिशा मे महत्वपूर्ण है।



**8. विश्व युवा कौशल दिवस की घोषणा किस संस्था ने की थी ?**

A - UNESCO

**B - संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA)**

C - ILO

D - UNICEF

विश्व युवा कौशल दिवस प्रतिवर्ष 15 जुलाई को मनाया जाता है। इसकी घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा (United Nations General Assembly - UNGA) ने 2014 मे की थी तथा पहली बार इसे 2015 मे मनाया गया। यह दिवस कौशल विकास, रोजगार, उद्यमिता तथा तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।



# One Liner

1. गगनयान मिशन के लिए ISRO द्वारा हाल ही मे सफलतापूर्वक परीक्षण की गई तीन प्रमुख सुरक्षा प्रणालियों मे से एक का नाम बताइए। - क्रू मॉड्यूल अपराइटिंग सिस्टम (CMUS)

2. विश्व युवा कौशल दिवस प्रतिवर्ष किस तिथि को मनाया जाता है ? - 15 जुलाई

3. विश्व युवा कौशल दिवस को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने किस वर्ष घोषित किया था ? - 2014

4. विंबलडन 2026 पुरुष एकल का खिताब लगातार दूसरी बार किस खिलाड़ी ने जीता ? - जानिक सिनर (इटली)

5. आधुनिक कतर के निर्माता के रूप मे किस पूर्व अमीर को जाना जाता है, जिनका हाल ही मे निधन हुआ ? - शेख हमद बिन खलीफा अल थानी

6. 'यूपी खेत सुरक्षा योजना 2026' के तहत किसानों को किस तकनीक के लिए सब्सिडी प्रदान की जाएगी ? - सोलर फेंसिंग (Solar Fencing)

7. तीसरा 'नमस्ते दिवस' भारत मे कब मनाया जाएगा ? - 14 जुलाई 2026

8. आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY) के तहत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष कितने रुपये तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जाता है ? - ₹5 लाख

9. पश्चिम बंगाल सरकार ने 16 अगस्त को किस दिवस के रूप मे मनाने की घोषणा की है ? - आयुष्मान दिवस

10. अहमदाबाद नगर निगम ने किस वृक्षारोपण तकनीक के तहत एक घंटे मे 3.61 लाख पौधे लगाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया ? - मियावाकी (Miyawaki) पद्धति

# TOPPERSEXAM.COM

15-07-2026





# CURRENT AFFAIRS





## HIGHLIGHTS

- INTERNATIONAL NEWS
- NATIONAL AFFAIRS
- BANKING NEWS
- AWARDS NEWS
- DEFENCE NEWS
- SPORTS NEWS
- SCI-TECH NEWS

7891099005, 7891099006

## TODAY NEWS HIGHLIGHT

- Uttar Pradesh launches 'UP Khet Suraksha Yojana 2026' for crop protection: Up to 60% subsidy on solar fencing (scheme)
- Wimbledon 2026: Jannik Sinner wins second consecutive men's singles title, Linda Noskova becomes new women's champion (sports)
- West Bengal government announced to celebrate August 16 as 'Ayushman Day' (state in news)
- Former Qatar Emir Sheikh Hamad bin Khalifa Al Thani dies: Builder of modern Qatar and architect of global energy power (obituaries)
- Major breakthrough for Gaganyaan mission: ISRO successfully tests three critical safety systems of the crew module (sci-tech)
- Third 'Namaste Day' to be celebrated on July 14, 2026: Important initiative to promote safe and mechanized sanitation (national)
- Ahmedabad sets Guinness World Record by planting 3.61 lakh trees in one hour, Miyawaki afforestation technique receives global recognition (national)
- World Youth Skills Day (July 15): A global initiative to connect young people to skills-based education and employment.

## 1. Uttar Pradesh Launches 'UP Khet Suraksha Yojana 2026': Up to 60% Subsidy on Solar Fencing

The Government of Uttar Pradesh has launched the UP Khet Suraksha Yojana 2026 to provide financial assistance for installing solar fencing to protect crops from stray cattle, nilgai (blue bulls), and wild boars. Under the scheme, farmers will receive up to 60% subsidy on the installation cost, while farmers belonging to special categories will receive up to 70% subsidy. The initiative aims to reduce crop damage, enhance agricultural productivity, and promote solar energy-based agricultural infrastructure. Eligible farmers will receive the benefits through the Direct Benefit Transfer (DBT) system.



## 2. Wimbledon 2026: Jannik Sinner Wins Second Consecutive Men's Singles Title; Linda Nosková Becomes the New Women's Champion

The Wimbledon Championships 2026 concluded successfully at the All England Lawn Tennis and Croquet Club in London. World No. 1 Jannik Sinner of Italy won the Men's Singles title for the second consecutive year, while Linda Nosková of the Czech Republic claimed her maiden Grand Slam Women's Singles title. Champions were also crowned in the men's doubles, women's doubles, and mixed doubles events. First held in 1877, Wimbledon is the world's oldest and most prestigious grass-court Grand Slam tennis tournament.



## 3. West Bengal Government Declares 16 August as 'Ayushman Diwas'

The Government of West Bengal has announced that 16 August will be observed as 'Ayushman Diwas' to increase public awareness about the Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana (AB-PMJAY). Health camps, awareness drives, and public outreach programmes will be organized to enable more eligible families to benefit from the scheme. Under Ayushman Bharat, eligible families receive cashless health insurance coverage of up to ₹5 lakh per year. This initiative marks an important step toward strengthening healthcare security, social welfare, and universal health coverage in the state.



## 4. Former Emir of Qatar Sheikh Hamad bin Khalifa Al Thani Passes Away: Architect of Modern Qatar and Global Energy Powerhouse

Former Emir of Qatar Sheikh Hamad bin Khalifa Al Thani passed away on 12 July 2026 at the age of 74. He is widely regarded as the architect of modern Qatar, having transformed the country into one of the world's leading Liquefied Natural Gas (LNG) exporters through the development of the North Field natural gas reserves. During his leadership, institutions such as the Qatar Investment Authority (QIA) and Al Jazeera strengthened Qatar's global influence. Qatar was also awarded the hosting rights for the 2022 FIFA World Cup during his reign, although the event faced international criticism over human rights and migrant labour issues.




### 5. Major Milestone for the Gaganyaan Mission: ISRO Successfully Tests Three Critical Crew Module Safety Systems



The Indian Space Research Organisation (ISRO) successfully tested three critical safety systems for the Gaganyaan Mission on 12 July 2026. These include the Crew Module Uprighting System (CMUS), the CSU-2 Separation Mechanism, and the Apex Cover Separation System. These systems will ensure the safety of the crew module after splashdown, support safe re-entry operations, and enable proper deployment of the parachute system. Gaganyaan is India's first indigenous human spaceflight mission, aimed at sending Indian astronauts into Low Earth Orbit (LEO) and bringing them safely back to Earth. This achievement marks a significant milestone in India's human spaceflight programme and future space missions.

### 6. Third 'NAMASTE Day' to be Observed on 14 July 2026: A Significant Initiative to Promote Safe and Mechanized Sanitation




India will observe the third 'NAMASTE Day' on 14 July 2026, marking the completion of three years of the National Action for Mechanised Sanitation Ecosystem (NAMASTE) scheme. The day aims to honour the contribution of sanitation workers, sewer and septic tank workers, and former manual scavengers while promoting their safety, dignity, and social inclusion. The NAMASTE scheme seeks to eliminate manual scavenging and encourage a safe, mechanized sanitation system. Health camps, safety training sessions, PPE awareness programmes, and demonstrations of mechanized sanitation equipment will be organized on the occasion.

### 7. Ahmedabad Creates Guinness World Record by Planting 3.61 Lakh Saplings in One Hour: Miyawaki Afforestation Technique Receives Global Recognition



On 12 July 2026, the Ahmedabad Municipal Corporation (AMC) created a Guinness World Record by planting 3.61 lakh saplings in one hour under a Miyawaki afforestation campaign. More than 25,000 volunteers participated in the drive, planting 35 indigenous tree species. The Miyawaki method is an effective technique for developing dense and fast-growing natural forests in limited spaces. The initiative contributes significantly to carbon sequestration, biodiversity conservation, climate change mitigation, and the achievement of Sustainable Development Goals (SDGs).

### 8. World Youth Skills Day (15 July): A Global Initiative to Promote Skill-Based Education and Employment Among Youth




World Youth Skills Day is observed every year on 15 July to promote skill development, employment, entrepreneurship, and technical and vocational education among young people. The United Nations General Assembly (UNGA) proclaimed the day in 2014, and it was first observed in 2015. In India, initiatives such as the Skill India Mission, Pradhan Mantri Kaushal Vikas Yojana (PMKVY), National Skill Development Corporation (NSDC), and the National Education Policy (NEP) 2020 focus on equipping youth with industry-oriented skills. The day contributes significantly to achieving Sustainable Development Goals (SDG-4, SDG-8, and SDG-9) and promoting inclusive economic growth.

**1. What is the primary objective of the UP Khet Suraksha Yojana 2026?**

A - To expand irrigation facilities
B - To protect crops from stray animals
C - To promote organic farming
D - To increase seed production

The Government of Uttar Pradesh has launched the UP Khet Suraksha Yojana 2026 to protect farmers' crops from stray cattle, nilgai (blue bulls), and wild boars. Under the scheme, farmers will receive up to 60% subsidy on solar fencing installation, while special category farmers will receive up to 70% subsidy. The scheme aims to ensure crop protection, increase agricultural productivity, promote solar energy-based farming, and provide financial assistance through the Direct Benefit Transfer (DBT) system.



**2. Who won the Men's Singles title at Wimbledon 2026?**

A - Carlos Alcaraz
B - Alexander Zverev
C - Jannik Sinner
D - Novak Djokovic

Wimbledon 2026 concluded successfully in London. World No. 1 Jannik Sinner of Italy won the Men's Singles title for the second consecutive year, while Linda Nosková of the Czech Republic captured her maiden Grand Slam Women's Singles title. First held in 1877, Wimbledon is the world's oldest and most prestigious grass-court Grand Slam tennis tournament.



**3. The Government of West Bengal has announced that 16 August will be observed as which of the following?**

A - Health Day
B - Ayushman Diwas
C - Farmers' Day
D - Youth Day

The Government of West Bengal has declared 16 August as Ayushman Diwas to increase public awareness about the Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana (AB-PMJAY). Under the scheme, eligible families receive cashless health insurance coverage of up to ₹5 lakh per year.



**4. Sheikh Hamad bin Khalifa Al Thani is widely known as the:**

A - Architect of Modern Saudi Arabia
B - Architect of Modern Qatar
C - Architect of Modern Bahrain
D - Architect of Modern Kuwait

Former Emir of Qatar Sheikh Hamad bin Khalifa Al Thani passed away at the age of 74. He is widely regarded as the Architect of Modern Qatar for transforming the country into a leading LNG exporter, strengthening its global investments, and securing the hosting rights for the 2022 FIFA World Cup.



**5. Recently, ISRO successfully tested three critical safety systems for which mission?**


A - Chandrayaan-4
B - Aditya-L1
C - Gaganyaan
D - Mangalyaan-2

On 12 July 2026, the Indian Space Research Organisation (ISRO) successfully tested three critical safety systems for the Gaganyaan Mission—the Crew Module Uprighting System (CMUS), CSU-2 Separation Mechanism, and the Apex Cover Separation System. These systems are essential for ensuring astronaut safety during India's first indigenous human spaceflight mission.

**6. What is the primary objective of the NAMASTE Scheme?**

A - To provide safe drinking water
B - To eliminate manual scavenging and promote mechanized sanitation
C - To construct rural roads
D - To provide urban housing

India will observe the third NAMASTE Day on 14 July 2026, marking three years of the National Action for Mechanised Sanitation Ecosystem (NAMASTE) Scheme. The scheme aims to eliminate manual scavenging, promote safe and mechanized sanitation systems, and ensure the dignity, safety, and welfare of sanitation workers.




**7. Which organization created a Guinness World Record by planting 3.61 lakh saplings in one hour?**

A - Forest Department, Maharashtra
B - Forest Survey of India
C - Ahmedabad Municipal Corporation (AMC)
D - Ministry of Environment

On 12 July 2026, the Ahmedabad Municipal Corporation (AMC) created a Guinness World Record by planting 3.61 lakh saplings in one hour under a Miyawaki afforestation campaign. The initiative promotes carbon sequestration, biodiversity conservation, climate change mitigation, and the achievement of Sustainable Development Goals (SDGs).



**8. Which organization declared World Youth Skills Day?**

A - UNESCO
B - United Nations General Assembly (UNGA)
C - International Labour Organization (ILO)
D - UNICEF

World Youth Skills Day is observed annually on 15 July to promote skill development, employment, entrepreneurship, and technical and vocational education. The day was proclaimed by the United Nations General Assembly (UNGA) in 2014 and was observed for the first time in 2015. In India, initiatives such as the Skill India Mission, PMKVY, and NSDC support the objectives of this international observance.



# One Liner

1. On which date will the third NAMASTE Day be observed in India? - 14 July 2026

2. Under the Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana (AB-PMJAY), eligible families receive cashless health insurance coverage of up to how much per year? - ₹5 Lakh

3. Under the UP Khet Suraksha Yojana 2026, farmers will receive a subsidy for which technology? - Solar Fencing

4. In which year did the United Nations General Assembly (UNGA) declare World Youth Skills Day? - 2014

5. The Government of West Bengal has announced that 16 August will be observed as which day? - Ayushman Diwas

6. Which player won the Wimbledon 2026 Men's Singles title for the second consecutive time? - Jannik Sinner (Italy)

7. Ahmedabad Municipal Corporation created a Guinness World Record by planting 3.61 lakh saplings in one hour under which afforestation technique? - Miyawaki Method

8. Which former Emir, who recently passed away, is known as the Architect of Modern Qatar? - Sheikh Hamad bin Khalifa Al Thani

9. Name any one of the three major safety systems recently tested successfully by ISRO for the Gaganyaan Mission. - Crew Module Uprighting System (CMUS)

10. World Youth Skills Day is observed every year on which date? - 15 July